15

बिहार सरकार

स्वास्थ्य विभाग

आदेश

संसं०–2/टी०–03/2026– /स्वा०, पटना, दिनांक / /2026

डा० आविद सुलेमान, सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, थावे, गोपालगंज द्वारा आवेदन समर्पित कर अवगत कराया गया कि विभाग द्वारा प्रकाशित प्रेस विज्ञप्ति संख्या–836(9), दिनांक 09.08.2023 के आलोक में दिनांक–22.09.2020 से अनधिकृत अनुपस्थिति के उपरान्त दिनांक–16.08.2023 को पदस्थापित स्थान पर डा० सुलेमान द्वारा योगदान किया गया। उक्त अनधिकृत अनुपस्थिति हेतु डॉ० सुलेमान के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही संचालित की गयी। अग्रेतर बिना विभागीय अनापत्ति के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना में एम०डी० माईक्रोबायोलॉजी कोर्स में नामांकन लिया गया परन्तु इसे बीच में ही छोड दिया गया। अग्रेतर विभागीय अनापत्ति की प्रत्याशा में दिनांक–05.09.2023 को Diploma Anaesthesia कोर्स में पारस हॉस्पिटल, पटना मे नामांकन कराया गया। दिनाक–04.09.2025 को Diploma कोर्स पूर्ण किया। डा० सुलेमान के द्वारा कोर्स पूर्ण करने के उपरान्त योगदान करने हेतु अनुरोध किया गया है।

2. डा० सुलेमान द्वारा योगदान करने हेतु किये गये अनुरोध के समीक्षोपरान्त डा० सुलेमान का आवेदन स्वीकार करते हुए पूर्व पदस्थापित स्थान पर योगदान कराने का निर्णय लिया गया है।

3. असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गोपालगंज को निदेशित किया जाता है कि इस आदेश के आलोक में डा० सुलेमान का योगदान स्वीकार करते हुए उन्हें पूर्व पदस्थापित स्थान यथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, थावे, गोपालगंज का प्रभार ग्रहण कराया जाय। डा० सुलेमान का योगदान करने की सूचना अविलम्ब विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय।

4. डा० आविद सुलेमान, सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्यं केन्द्र, थावे, गोपालगंज के विरूद्ध अनधिकृत अनुपस्थिति के आरोप मे संचालित विभागीय कार्यवाही के आधार पर आलोच्य अवधि के लिए निर्णय अलग से लिया जाएगा। साथ ही बिना विभागीय अनापत्ति के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना एवं पारस अस्पताल, पटना में नामांकन कराने संबंधी कृत्य के विरूद्ध नियमानुसार आरोप पत्र गठित करते हुए अग्रेतर कार्रवाई प्रशाखा–09 द्वारा किया जायेगा।

5. प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह०/–

**(विनोद कुमार पाठक)**

**सरकार के उप सचिव**

**ज्ञापांक–2/टी०–03/2026–** 734(2) **/स्वा०, पटना, दिनांक** 10/4 **/2026**

**प्रतिलिपिः**–महालेखाकार (ले० एवं ह०), बिहार, वीरचन्द पटेल पथ, पटना/प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वै०दा०नि०को०) विभाग, बिहार, पटना/कोषागार पदाधिकारी, गोपालगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**–क्षेत्रीय अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ, सारण प्रमंडल, छपरा/असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गोपालगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**–माननीय मंत्री स्वास्थ्य के आप्त सचिव/सचिव, स्वास्थ्य के प्रधान आप्त सचिव /सभी विशेष सचिव/सभी अपर सचिव/सभी उप सचिव/सभी विशेष कार्य पदाधिकारी/सभी अवर सचिव/सभी निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार, पटना/सभी प्रशाखा पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**–प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, थावे, गोपालगंज /डा० आविद सुलेमान, सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, थावे, गोपालगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**–श्री अमित कुमार, डाटा एनालिस्ट/आई०टी० मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Vinod K 8/4/26

**सरकार के उप सचिव।**

Des 2>Dhan>Draft>adesh26 Vikash